News सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-54
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

**आज का विचार**

किसी भी इंसान की इच्छाशक्ति और दृढ़ संकल्प उसे भिखारी से राजा बना सकती है।

# बिहार सिटी चीफ

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

बिहार, शुक्रवार, 31 मई 2024



**शिवहर के केंद्रीय विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक संपन्न**

## अतिथियों का औपचारिक स्वागत करते हुए शॉल देकर सम्मानित किया गया

चन्दन कुमार चौबे 7 सिटी चीफ

शिवहर, शिवहर जिले में केंद्रीय विद्यालय शिवहर में जिलाधिकारी पंकज कुमर की अध्यक्षता में तथा उप विकास आयुक्त अतुल कुमार वर्मा नामित अध्यक्ष की गरिमा में उपस्थिति में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न हुई।

अन्य सदस्य के रूप में आफताब करीम निदेशक दिव्यांग जन सशक्तिकरण कोषांग, अरुण कुमार सिंह मेडिकल ऑफिसर दियो शिवहर, जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य डीकेएल दास, शिक्षा विद सदस्य कृषि विज्ञान केंद्र शिवहर के प्रधान संजय कुमार राय ,अभिभावक सदस्य श्रीमती नायर आर शिक्षक सदस्य सवाब रिजवी की उपस्थिति में संपन्न हुई। जिलाधिकारी की अगवानी स्काउट के बच्चों द्वारा तथा वैदिक मंत्रोचार से स्वागत व तिलक किया गया। विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र कुमार पांडे ने सभी अतिथियों का औपचारिक स्वागत करते हुए शॉल देकर सम्मानित किया तथा सत्र 2023- 24 की उपलब्धियां को समिति के सामने रखा। बैठक के सम्मुख अनुमोदन हेतु संस्कृत शिक्षक अशोक कुमार ने विद्यालय के विकास हेतु प्रस्तावित कार्य योजना को विस्तार से पीपीटी





के माध्यम से प्रस्तुत किया।

जिलाधिकारी व अध्यक्ष पंकज कुमार ने विद्यालय के सत प्रतिशत परीक्षा परिणाम हेतु विद्यालय को बधाई देकर शिक्षा में और संसाधनों में गुणवत्ता बढ़ाने पर जोर देते हुए विद्यालय के कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा जिला प्रशासन से सभी प्रकार का सहयोग प्रदान करने की बात कही। प्राचार्य ने जिलाधिकारी तथा उप विकास आयुक्त को विद्यालय में आगमन हेतु स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया ।जिलाधिकारी तथा उप विकास आयुक्त ने विद्यालय की पूर्व प्राचार्य डॉक्टर श्रीमती लीना कुमारी तथा सी के पांडे वरिष्ठ भौतिक शिक्षक को सफलतापूर्वक सेवा पूर्ण करने पर विद्यालय की ओर से बधाई के साथ-साथ स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

अंत में डॉक्टर लीना कुमारी ने सभी अतिथियों को बैठक की सफलता हेतु धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया । वृक्षारोपण के उपरांत समूह छायाचित्र के बाद बैठक समाप्त हुई इस अवसर पर श्री सत्यवत्र भास्कर ,ध्रुव प्रकाश ,रवि प्रकाश, सनी वर्मा, सुनील ,मुन्ना कुमार पांडे, जफर आलम, बीके सिंह, रूप कुमारी आदि अन्य सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

## वैशाली के पत्रकार पुत्र हर्ष हत्या मामले में मीडिया फार बॉर्डर हार्मोनी गंभीर

**पीड़ित के घर पहुंची पत्रकारों की टोली**

चन्दन कुमार चौबे 7 सिटी चीफ

वैशाली, वैशाली के वरीय पत्रकार अजीत कुमार के पुत्र पटना यूनिवर्सिटी के छात्र हर्ष राज की पीट-पीट कर हुई हत्या का उच्च स्तरीय जांच हो। पत्रकारों के संगठन मीडिया फॉर बार्डर हार्मोनी का दस सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष प्रभात कुमार के नेतृत्व मे मंगलवार को हर्ष के परिवार वालों से मिलने के बाद कहा। पत्रकार अनिल कुमार सिंह, विनय पटेल, मोहन कुमार सुधांशु ,प्रशांत क्रांतिकारी, दीपक कुमार श्रीवास्तव, प्रकाश मधूप, मुकेश कुमार सिंह, मोती कुमार आदि ने हत्यारे को फांसी देने की मांग सरकार से की है। पत्रकारों ने पिडीत परिवार वाले को बीस लाख रूपए मुआवजा, परिवार वाले को सुरक्षा उपलब्ध कराए जाने की मांग की है। दो मिनट का मौन रख हर्ष



के आत्मा के शांति के लिए भगवान से प्रार्थना किया है। हर्ष के पिता से मिलने पहुंचे वैशाली विधायक सिद्धार्थ पटेल, भाजपा नेता राजा भैया, हम पार्टी के प्रदेश छात्र नेता संकेत कुमार मिश्रा आदि ने घटना की कड़ी भर्त्सना करते हुए दोषी को कठोर दंड देने की बात कही। इधर मीडिया फार बॉर्डर हार्मनी के अनुशासन समिति अध्यक्ष वरीय पत्रकार वरुण कुमार, वरीय पत्रकार अमरेंद्र तिवारी ने घटना की निंदा करते हुए स्पीडी ट्रायल कर सजा दिलाने , पत्रकार परिवार को सुरक्षा देने, स्वजनों को आर्थिक सहायता करने की मांग की हैं।

## रोड नहीं तो वोट नहीं: आरा में एनडीए प्रत्याशी आरके सिंह का भारी विरो

**जगह-जगह लगाया जा रहा गुमशुदा सांसद लिखा पोस्टर**

चन्दन कुमार चौबे 7 सिटी चीफ

आरा, आरा में अंतिम चरण में मतदान होने हैं। इससे पूर्व दस साल से आरा के सांसद रहे राजकुमार सिंह उर्फ आरके सिंह के खिलाफ आरा के लोगों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया है। लोग अपने सासंद से काफी नाराज हैं। उनका कहना है कि रोड नहीं तो वोट नहीं देंगे। गुस्साए लोगों ने जगह-जगह गुमशुदा सांसद लिखा पोस्टर भी लगाया है और अपना विरोध जता रहे हैं। भोजपुर जिले के कोइलवर नगर पंचायत की मुख्य सड़क का हाल बेहाल है। यह सड़क करीब दो दशक से जर्जर स्थिति में हैं। इस सड़क पर चारों तरफ गड्ढे ही गड्ढे हो गए हैं। जिससे देखने में लगता है कि यह सड़क कच्ची है। बरसात के दिनों में इस सड़क पर चारों तरफ जलजमाव की स्थिति हो जाती है। जिससे राहगीरों को इस सड़क पर चलना मुश्किल हो जाता है। समय पर इस सड़क की मरम्मती नहीं होने से सड़क पूरी तरह टूटकर



बर्बाद हो गई है। सरकार बदली शासन बदला लेकिन नहीं बदली तो इस सड़क की स्थिति। जर्जर सड़क से गुस्साए वार्ड नंबर 2,3,5,6 व 7 के ग्रामीणों ने सोमवार को सड़क पर उतरकर दो बार से आरा के सांसद रहे आरके सिंह के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने जगह-जगह रोड नहीं तो वोट नहीं का पोस्टर लगाया। लोगों का कहना था कि चौक से डिप्टी साहब के हाता तक जाने के लिए वर्षो पहले पक्की सड़क नहीं बनी हुई थी जो दो दशक पहले ही पूरी तरह टूटकर बर्बाद हो गई है। बरसात के दिनों में सड़क पर कीचड़ जम जाने से लोगों को चलने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों से जर्जर सड़क को लेकर शिकायत की गई परंतु किसी ने हमारी सुध नहीं ली।

वहीं कोइलवर के लोगों ने बताया की कोइलवर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए कोई सुविधा नहीं है। जैसे रेलवे स्टेशन पर यात्री शेड ना होने से यात्रियों को गर्मियों में चिलचिलाती धूप में खड़े होकर ट्रेन का इंतजार करना पड़ता है। महिलाओं के लिए शौचालय ना होने से उन्हें काफी समस्या होती हैं, यही नहीं पहले चार चार एक्सप्रेस ट्रेन रुकती थी अब एक भी एक्सप्रेस ट्रेन नहीं रुकती है। एक्सप्रेस ट्रेन पकड़ने के लिए या तो लोगों को आरा जाना पड़ता है या फिर बिहटा स्टेशन जाना पड़ता है।

एक बार फिर से चुनाव के समय नेताजी लोग हमारे गांव में वोट मांगने आ रहे हैं लेकिन इस बार हम लोगों ने मन बना लिया है कि अगर इस बार हमारी सड़क बनाने की बात एनडीए प्रत्याशी आरके सिंह नहीं सुनते हैं तो हमलोग वोट नहीं देंगे। लोगों ने पोस्टर के माध्यम से आरके सिंह को गुमशुदा सांसद घोषित कर दिया है और लगातार विरोध कर रहे हैं। बहरहाल देखने वाली बात ये होगी कि क्या एनडीए प्रत्याशी आरके सिंह नाराज वोटरों को मनाने में सफल हो पाते हैं या नहीं।

## वैशाली में व्यवसायी से 10 लाख रंगदारी मांगने मांगने वाला गिरफ्तार

**दो अपराधियों को पुलिस ने दबोचा**

चन्दन कुमार चौबे 7 सिटी चीफ

वैशाली, वैशाली जिले की औद्योगिक थाने की पुलिस ने व्यवसायी से रंगदारी मांगने वाले दो अपराधियों को दबोचा। दोनों के पास से मोबाइल एवं अन्य सामान बरामद किया गया है। वैशाली एसपी हर किशोर राय ने मीडिया को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस बात की जानकारी दी। एसपी ने बताया कि औद्योगिक थाना क्षेत्र अन्तर्गत के एक व्यवसायी करण कुमार पिता सुबोध सिंह को फोन कॉल के माध्यम से 10 लाख रूपये रंगदारी की मांग की गई थी। रंगदारी नहीं देने पर हत्या करने की धमकी दी गई थी। जब यह सूचना पुलिस को मिली तब औद्योगिक थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। मामले कि गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक वैशाली ने एक विशेष जांच टीम का गठन किया। जिसमें औद्योगिक क्षेत्र थानाध्यक्ष एवं जिला आसूचना इकाई टीम को शामिल किया गया था। उक्त गठित टीम के द्वारा मानवीय आसूचना





एवं तकनीकी अनुसंधान के आधार पर रंगदारी मांगने वाले दो अपराधकर्मी आदित्य कुमार एवं संजय सिंह को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अपराधियों ने पूछताछ के दौरान यह बताया कि एक ट्रक ड्राइवर से मोबाईल चोरी कर उसके सिम कार्ड को अपने फोन में लगा कर धमकीभरा कॉल व्यवसायी को किया था और 10 लाख रुपये रंगदारी की मांग की गई थी। रंगदारी मांगने में प्रयुक्त दोनों मोबाईल को पुलिस ने बरामद कर लिया गया है। इसमें शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। गिरफ्तार किए गए अपराधियों की पहचान बिदुपुर थाना क्षेत्र के रहिमापुर निवासी स्वर्गीय संजय सिंह के पुत्र आदित्य कुमार एवं भगवान लाल सिंह के पुत्र संजय सिंह के रूप में हुई है। घटना में प्रयुक्त एक मोबाईल और ट्रक ड्राइवर का चुराया मोबाईल बरामद किया गया है।

**पटना में कैब ड्राइवर की हत्या**

## चोरी के इल्जाम में पीट-पीटकर मार डाला, साथी की हालत नाजुक

चन्दन कुमार चौबे 7 सिटी चीफ

बिहार, पटना विश्वविद्यालय के ला कॉलेज के परिसर में सरेआम हर्ष राज की पीट- पीटकर हत्या कर दी गई थी। तो वहीं दूसरी ओर पटना से सटे नौबतपुर में बीती रात एक युवक को पीट-पीटकर सरेआम मौत के हवाले कर दिया गया। मृतक युवक की पहचान मनोज राम के पुत्र सुधीर कुमार के रूप में हुई है, जो नौबतपुर सिल्वर टोला का रहने वाला था। घटना की सूचना मिलने के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। दरअसल मृतक सुधीर कुमार पटना में कैब ड्राइवर का काम करता था। बीती रात वो अपने एक साथी के साथ कार से घर लौट रहा था, तभी साबरचक के पास चोरी का आरोप लगाते हुए दोनों की जमकर पिटाई कर दी गई। कार को भी चकना चूर कर दिया गया।इधर सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घायल अवस्था में दोनों को पहले अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से बेहतर इलाज के लिए सुधीर कुमार को पटना





पीएमसीएच रेफर किया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इधर घटना में घायल मृतक का साथी सचिन कुमार खतरे से बाहर है। फिलहाल पुलिस उससे भी पूछताछ कर रही है। घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने गांव से दो महिला और दो पुरुष को इस मामले में गिरफ्तार किया है।

## गर्मी में बारिश अहसास कराएगा मंगेश चौधरी का सॉन्ग रिमझिम बारिशों में

जी हां सही सुने आप बिहार मधुबनी से ताल्लुक रखने वाले अभिनेता मंगेश चौधरी का हिंदी रोमांटिक सॉन्ग रिमझिम बारिशों में रिलीज हुआ है जो आपको इस भीषण गर्मी में बारिश का अहसास कराएगा यह सॉन्ग द म्यूजिक वर्ल्ड के यूट्यूब चैनल पर रिलीज हुआ है। ये सॉन्ग प्यार करने वाले प्रेमियों के लिए बेहद खास है क्योंकि इस सॉन्ग में लिरिक्स और संगीत के साथ साथ इसकी जो लोकेशन है वो बहुत रोमांटिक है। बता दे इसके पहले भी मंगेश चौधरी के 4,5 गाने आ चुके है जिनमे से हिंदी कवर सांग याद आ रहा है तेरा प्यार जो मशहूर म्यूजिक कंपनी सारे गा मा के



चैनल पर रिलीज हुआ था उसके बाद एक सैड सांग आया जिसका नाम तेरी यादों में ये सांग *Terracotta music* के यूट्यूब चैनल पर रिलीज हुआ था और तीसरा रोमांटिक सांग का तेरी वफ़ा जो *ByU Music* के ऑफिसियल यूट्यूब चैनेल पर रिलीज हुआ था, पपीहा और प्यार तेरा मिला ये दोनो रोमांटिक सॉन्ग द म्यूजिक वर्ल्ड के चैनल पर रिलीज हुए थे जिन्हे देखकर दर्शको को मंगेश चौधरी का अभिनय बहुत पसंद आया।

### दो दिनों में लू ने ली 73 लोगों की जान, बाहर निकले लोग नहीं पहुंच सके अस्पताल; आज थोड़ी राहत

**पटना** – मुजफ्फरपुर, वैशाली, दरभंगा, बेगूसराय समेत कई जिलों में गुरुवार की रात या तो बारिश हुई या इसके कारण हवा में ठंडक आई; लेकिन इससे पहले बुधवार सुबह से गुरुवार शाम तक सड़क, बस स्टैंड, स्टेशन पर चलते-टहलते या मतदान की तैयारी कर रहे लोगों की मौतों की संख्या 73 पहुंच गई। गुरुवार को औरंगाबाद में सर्वाधिक 15 मौतें हुईं। इसके बाद पटना में 11 मौतों की खबर सामने आयी। भोजपुर में पांच मतदानकर्मियों सहित 10 की मौत हुई, जबकि रोहतास में आठ, कैमूर में पांच, गया में चार, मुजफ्फरपुर में दो के अलावा बेगूसराय, जमुई, बरबीघा और सारण में एक-एक व्यक्ति की ऐसे ही चलते-फिरते मौत होने की जानकारी आई। गुरुवार को हुई 59 मौतों और बुधवार को हुई 14 मौतों के साथ बिहार में भीषण गर्मी से मरने वालों की संख्या 73 हो गई है। चूंकि ज्यादातर लोगों का पोस्टमार्टम नहीं कराया जा रहा है, इसलिए प्रशासनिक तौर पर लू से मौत की पुष्टि नहीं की जा रही है।

**गर्मी और लू से जान गंवा रहे, कोई पुष्टि या अनुग्रह राशि नहीं**

बिहार में बुधवार को करीब साढ़े तीन सौ बच्चे और शिक्षक स्कूलों में लू के कारण बेहोश हुए तो राज्य सरकार ने शाम छह बजे जाकर घोषणा की कि गुरुवार से आठ जून तक स्कूल बंद रहेंगे।